कौन कहता है मां मेरी आती नहीं

जय जय सरवेश्वरी

जय जय, सरवेश्वरी, जय जय जगदीश्वरी,
जय जय, अम्बे, भवानी जय, दुर्गे देवी ॥

कौन, कहता है मां, मेरी आती नहीं।
भक्त, श्रीधर के जैसे, बुलाते नहीं ॥
जय जय, सरवेश्वरी...

कौन, कहता है मईया मेरी, खाती नहीं ॥
हलवा, पुरी का भोग, लगाते नहीं ॥
जय जय, सरवेश्वरी...

कौन, कहता है मां, घर में आती नहीं ॥
तुम, प्यार से मां को, बुलाते नही ॥
जय जय, सरवेश्वरी...

कौन, कहता है मां, झोली भरती नहीं ॥
तुम, श्रद्धा से झोली, फैलाते नहीं ॥
जय जय, सरवेश्वरी...

कौन, कहता है मईया मेरी, सोती नहीं ॥
प्यारी, फूलों की सेज़, सजाते नहीं ॥
जय जय, सरवेश्वरी...

अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/34530/title/kaun-kehta-hai-maa-meri-aati-nhin

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |